Combined SO/Steno (Gr. B/Gr. I) Ltd. Deptl. Exam, 2015

Prepp
Your Personal Exams Guide

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO***

**T.B.C. : B-RP/WX-O-BB**

**Test Booklet Series**

**A**

**Serial**

# TEST BOOKLET

# Paper II

# (Procedure and Practice, Categories II and V)

***Time Allowed : Two Hours*** — ***Maximum Marks : 150***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.
2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series Code A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**
3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.
4. This Test Booklet contains **120** items (questions). Each item is printed both in Hindi and English. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case, you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.
5. You have to mark your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. ***All*** items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. **Penalty for wrong answers :**
    **THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWERS MARKED BY A CANDIDATE IN THE OBJECTIVE TYPE QUESTION PAPERS.**
    (i) There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, **one-third** of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.
    (ii) If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a **wrong answer** even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.
    (iii) If a question is left blank, i.e., no answer is given by the candidate, there will be **no penalty** for that question.

***DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO***

**ध्यान दें :** अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. What is the correct sequence of order in communication process ?

(a) Decoding of message, Transmission, Encoding of message and Feedback

(b) Encoding of message, Transmission, Decoding of message and Feedback

(c) Decoding of message, Encoding of message, Transmission and Feedback

(d) Encoding of message, Decoding of message, Transmission and Feedback

2. In actual practice, the executive power of the Union resides with the

(a) Prime Minister

(b) President

(c) Council of Ministers headed by the Prime Minister

(d) Vice President

3. When the volume of work in a Ministry exceeds the manageable charge of a Secretary, one or more wings may be established under the charge of a

(a) Deputy Secretary

(b) Special Secretary/Additional Secretary

(c) Under Secretary

(d) Deputy Director

4. Who among the following is responsible for shaping the overall policies of the Government in discharging its responsibilities ?

(a) Ministers of State

(b) Prime Minister

(c) The Cabinet

(d) Deputy Ministers

5. In cases where decision is required, a file should ***not*** pass through more than

(a) 5 levels

(b) 4 levels

(c) 3 levels

(d) 2 levels

6. If any officer receives any oral instructions from the Minister, which are not in accordance with the norms, rules and regulations, the officer should

(a) Not take any action

(b) Seek further clear orders from the Secretary, about the line of action to be taken, clearly stating the situation

(c) Postpone the action

(d) Decide on his own

7. A declassified file considered fit for permanent preservation will be transferred to the

(a) Old Records

(b) National Archives

(c) National documents

(d) Permanent documents

8. Consider the following statements :

Any officials other than the Ministers and Secretaries, if approached by a representative of the press will normally

1. Direct the representative of the press to the Press Information Bureau.

2. Seek the permission of the Secretary of the Department before meeting the press.

Which of the above actions should be taken ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Either 1 or 2

(d) Neither 1 nor 2

**1.** संचार प्रक्रिया में सही अनुक्रम क्या है ?

(a) संदेश का कूटवाचन, प्रेषण, संदेश को कूटबद्ध करना और प्रतिपुष्टि

(b) संदेश को कूटबद्ध करना, प्रेषण, संदेश का कूटवाचन और प्रतिपुष्टि

(c) संदेश का कूटवाचन, संदेश को कूटबद्ध करना, प्रेषण और प्रतिपुष्टि

(d) संदेश को कूटबद्ध करना, संदेश का कूटवाचन, प्रेषण और प्रतिपुष्टि

**2.** वास्तविक व्यवहार में, केंद्र की कार्यपालक शक्ति किसमें निहित होती है ?

(a) प्रधान मंत्री

(b) राष्ट्रपति

(c) मंत्रिपरिषद् जिसका प्रधान प्रधान मंत्री है

(d) उपराष्ट्रपति

**3.** जब किसी मंत्रालय में कार्य की मात्रा एक सचिव के प्रभार की प्रबंध-सीमा से अधिक हो जाती है, तो एक या अधिक स्कंध (विंग) किसके प्रभार के अधीन स्थापित किए जा सकते हैं ?

(a) उपसचिव

(b) विशेष सचिव/अपर सचिव

(c) अवर सचिव

(d) उपनिदेशक

**4.** निम्नलिखित में से कौन, सरकार की समग्र नीतियों को, उसके उत्तरदायित्वों के निर्वहन में, स्वरूप प्रदान करने के लिए उत्तरदायी है/हैं ?

(a) राज्यमंत्री

(b) प्रधान मंत्री

(c) मंत्रिमंडल

(d) उपमंत्री

**5.** उन स्थितियों में, जहाँ निर्णय की आवश्यकता है, कोई फाइल कितने से अधिक स्तरों से होकर *नहीं* गुज़रनी चाहिए ?

(a) 5

(b) 4

(c) 3

(d) 2

**6.** यदि किसी अधिकारी को मंत्री से कोई मौखिक आदेश प्राप्त होता है, जो मानकों, नियमों और विनियमों के अनुरूप नहीं है, तो अधिकारी को

(a) कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिए

(b) स्थिति को स्पष्टता से बताते हुए, आगे की कार्रवाई के लिए सचिव से स्पष्ट आदेश लेने चाहिए

(c) कार्रवाई स्थगित कर देनी चाहिए

(d) स्वयं ही निर्णय लेना चाहिए

**7.** स्थायी परिरक्षण के लिए उपयुक्त मानी गई किसी निवर्गीकृत फाइल को किसे स्थानांतरित कर दिया जाएगा ?

(a) पुराने अभिलेखों को

(b) राष्ट्रीय अभिलेखागार को

(c) राष्ट्रीय प्रलेखों को

(d) स्थायी प्रलेखों को

**8.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

यदि प्रेस का कोई प्रतिनिधि मंत्रियों और सचिवों से इतर किसी पदधारी से मिलता है, तो सामान्य रूप से वह

1. प्रेस के प्रतिनिधि को प्रेस सूचना ब्यूरो की तरफ निर्दिष्ट कर देगा ।

2. प्रेस से मिलने से पहले, विभाग के सचिव से अनुमति लेगा ।

उपर्युक्त कार्रवाइयों में से कौन-सी की जानी चाहिए ?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) या तो 1 या 2

(d) न तो 1 न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. Which day of the week should be observed strictly as a meetingless day to receive and hear grievances of the members of the public ?

(a) Tuesday

(b) Wednesday

(c) Thursday

(d) Friday

10. What will be the date of restoration of commuted portion of pension ?

(a) 5 years from the date of retirement

(b) 10 years from the date of retirement

(c) 15 years from the date of retirement

(d) 20 years from the date of retirement

11. A member of a group who influences his followers more than getting influenced by them is a

(a) Head

(b) Leader

(c) Motivator

(d) Manager

12. Which of the following is true in the case of a Money Bill ?

(a) The Rajya Sabha can make amendments in a Money Bill

(b) The Lok Sabha has to return Money Bill to the Rajya Sabha within 30 days

(c) The Speaker's decision on the subject of Money Bill is final

(d) The Finance Minister's decision on the subject of Money Bill is final

13. Which of the following forms of communication is meant for the officers of equivalent level in the Central Secretariat ?

(a) Letter

(b) Demi-Official letter

(c) Office Memorandum

(d) Inter-Departmental Note

14. Which of the following cases are known as 'No-Noting' cases ?

(a) Routine or Repetitive cases

(b) Action-in-Correspondence cases

(c) Ephemeral cases

(d) Problem Solving cases

15. Consider the following characteristic features for an Administrator :

1. Uses institutional resources more than personal resources.

2. Uses personal resources more than institutional resources.

3. Uses expensive resources.

Which of the above characteristic features is/are correct for a good Administrator ?

(a) 1 and 3 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 only

(d) 2 only

16. Which one of the following has to give concurrence in case of financial sanctions involving Foreign Exchange ?

(a) Department of Commerce

(b) Ministry of External Affairs

(c) Department of Economic Affairs

(d) Department of Financial Services

Prepp
Your Personal Exams Guide

9. सप्ताह के किस दिन को, आम लोगों की शिकायतें प्राप्त करने और उनकी सुनवाई के लिए, बैठक-विहीन दिन के रूप में कड़ाई से मनाया जाना चाहिए ?

(a) मंगलवार

(b) बुधवार

(c) गुरुवार

(d) शुक्रवार

10. पेंशन के संराशीकृत भाग के प्रत्यावर्तन की तिथि क्या होगी ?

(a) सेवानिवृत्ति की तिथि से 5 वर्ष

(b) सेवानिवृत्ति की तिथि से 10 वर्ष

(c) सेवानिवृत्ति की तिथि से 15 वर्ष

(d) सेवानिवृत्ति की तिथि से 20 वर्ष

11. किसी समूह का कोई सदस्य, जो अपने अनुयायियों से प्रभावित होने की अपेक्षा उन्हीं को अधिक प्रभावित करता है, क्या होता है ?

(a) प्रधान

(b) नेता

(c) अभिप्रेरक

(d) प्रबंधक

12. धन विधेयक के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है ?

(a) राज्य सभा किसी धन विधेयक में संशोधन कर सकती है

(b) लोक सभा को धन विधेयक 30 दिनों के भीतर राज्य सभा को लौटाना होता है

(c) धन विधेयक के विषय पर लोक सभा अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है

(d) धन विधेयक के विषय पर वित्त मंत्री का निर्णय अंतिम होता है

13. केंद्रीय सचिवालय में समान स्तर के अधिकारियों के लिए पत्र-व्यवहार का निम्नलिखित में से कौन-सा रूप प्रयुक्त होता है ?

(a) पत्र

(b) अर्ध-सरकारी पत्र

(c) कार्यालय-ज्ञापन

(d) अंतर्विभागीय टिप्पणी

14. निम्नलिखित में से कौन-से मामले 'अटिप्पणी (नो-नोटिंग) मामलों' के रूप में जाने जाते हैं ?

(a) नेमी या पुनरावर्ती मामले

(b) पत्राचार-में-कार्रवाई मामले

(c) अल्पकालिक मामले

(d) समस्या-समाधान मामले

15. प्रशासक की निम्नलिखित अभिलाक्षणिक विशेषताओं पर विचार कीजिए :

1. व्यक्तिगत संसाधनों से अधिक संस्थागत संसाधनों का उपयोग करता है ।
2. संस्थागत संसाधनों से अधिक व्यक्तिगत संसाधनों का उपयोग करता है ।
3. खर्चीले संसाधनों का उपयोग करता है ।

अच्छे प्रशासक के लिए उपर्युक्त अभिलाक्षणिक विशेषताओं में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1 और 3

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1

(d) केवल 2

16. निम्नलिखित में से किस एक को उन वित्तीय मंजूरियों के मामले में, जिनमें विदेशी मुद्रा शामिल हो, सहमति प्रदान करना होता है ?

(a) वाणिज्य विभाग

(b) विदेश मंत्रालय

(c) आर्थिक कार्य विभाग

(d) वित्तीय सेवा विभाग

Prepp
Your Personal Exams Guide

**17.** The Committee on Public Undertakings consists of

(a) 16 Lok Sabha Members and 06 Rajya Sabha Members

(b) 14 Lok Sabha Members and 08 Rajya Sabha Members

(c) 11 Lok Sabha Members and 11 Rajya Sabha Members

(d) 15 Lok Sabha Members and 07 Rajya Sabha Members

**18.** The level of Desk Functionary should depend on

(a) Connectivity and coverage of work

(b) Nature and complexity of work

(c) Intelligence and hard work

(d) Nature and comprehension of work

**19.** Consider the following statements :

Space planning activity arises when

1. A new or modified system or procedure is adopted.
2. An increase or decrease in either work or personnel is made.
3. Complaints from the employees are heard about their work areas.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**20.** A compact machine which enables an officer to record dictation at his convenience without the aid of a Stenographer is

(a) MFD

(b) Dictaphone

(c) EPABX

(d) Electronic Typewriter

**21.** ESTOPPEL relates to

(a) Relitigation of the decided matter

(b) A person going back on his own legal promise/statement

(c) Scope of authority

(d) Non-inclusion of essential parties

**22.** Consider the following statements :

An application to CAT against an executive order on service matters can be filed by

1. The aggrieved individual only.
2. Heir of aggrieved individual.
3. Group of persons with a common interest in the matter with the permission of CAT.

Which of the above statements are correct ?

(a) 2 and 3 only

(b) 1 and 2 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**23.** Termination of a session of the House is called

(a) Promulgation

(b) Dissolution

(c) Prorogation

(d) Adjournment

Prepp
Your Personal Exams Guide

17. लोक उपक्रम समिति किनसे मिल कर बनती है ?
(a) 16 लोक सभा सदस्य और 06 राज्य सभा सदस्य
(b) 14 लोक सभा सदस्य और 08 राज्य सभा सदस्य
(c) 11 लोक सभा सदस्य और 11 राज्य सभा सदस्य
(d) 15 लोक सभा सदस्य और 07 राज्य सभा सदस्य

18. डेस्क अधिकारी का स्तर किस पर निर्भर होना चाहिए ?
(a) संपर्क-सुविधाओं और कार्य-विस्तार पर
(b) कार्य के स्वरूप और जटिलता पर
(c) बुद्धि और कड़ी मेहनत पर
(d) कार्य के स्वरूप और बोध पर

19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
स्थान-योजना कार्यकलाप की आवश्यकता तब होती है, जब
1. कोई नई या आपरिवर्तित प्रणाली या कार्यविधि अपनाई जाती है ।
2. कार्य अथवा कार्मिक में कोई वृद्धि या ह्रास किया जाता है ।
3. कर्मचारियों से उनके कार्य-क्षेत्र के विषय में शिकायतें सुनी जाती हैं ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

20. एक ऐसी संहत मशीन जिससे कोई अधिकारी आशुलिपिक की सहायता के बिना अपनी सुविधा के अनुसार श्रुतलेख अभिलिखित कर पाता है, क्या है ?
(a) MFD
(b) डिक्टाफोन
(c) EPABX
(d) इलेक्ट्रॉनिक टाइपराइटर

21. विबंधन (इस्टॉपल) का संबंध किससे है ?
(a) विनिर्णीत मामले की पुनः मुकदमेबाजी
(b) किसी व्यक्ति का अपने वैध वादे/कथन से पलटना
(c) प्राधिकार की परिधि
(d) आवश्यक पक्षकारों का शामिल न किया जाना

22. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
सेवा मामलों के विषय में किसी कार्यपालक आदेश के विरुद्ध CAT को कोई आवेदन
1. केवल व्यथित व्यक्ति द्वारा ही दाखिल किया जा सकता है ।
2. व्यथित व्यक्ति के उत्तराधिकारी द्वारा दाखिल किया जा सकता है ।
3. उस विषय में सामान्य हित वाले व्यक्ति-समूह द्वारा, CAT की अनुमति से, दाखिल किया जा सकता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?
(a) केवल 2 और 3
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

23. सदन के किसी सत्र के पर्यावसान को क्या कहते हैं ?
(a) प्रख्यापन
(b) विघटन
(c) सत्रावसान
(d) स्थगन

Prepp
Your Personal Exams Guide

24. Consider the following statements regarding a Parliamentary Committee :

1. Quorum of a Parliamentary Committee is nearly $1/3^{rd}$ of the total number of members of the committee.
2. Members are liable to be discharged for being absent for two or more consecutive meetings.
3. The sittings of the Parliamentary Committee shall be held in private.
4. Irrespective of willingness, a member can be appointed to a Parliamentary Committee.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1 and 4 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2 and 3 only

25. Consider the following statements in the context of Guillotine :

1. It is not preceded by any motion.
2. It applies only to the Budget demands, Appropriation Bill and Finance bill.
3. It is provided under Rule 208 (2) of the Lok Sabha Rules of Procedure.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

26. Consider the following statements in the context of various stages of Records Management :

1. Exercise judicious control over the creation of records.
2. Maintenance of the records.
3. Modification of records in accordance with circumstantial requirements.
4. Weeding out of the records that have outlived their utility.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 2, 3 and 4 only

(c) 1, 2 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

27. A Special Casual Leave is admissible to a Government servant for

1. Training and duty as a member of Home Guards.
2. Donating Blood at recognized Blood Banks on a working day.
3. Participation in the Republic Day Parade as a member of St. John Ambulance Brigade.
4. To exercise franchise during the elections of Panchayat/Local bodies.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2, 3 and 4

(b) 1 and 4 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2 and 3 only

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** संसदीय समिति के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. किसी संसदीय समिति की गणपूर्ति (कोरम) समिति के सदस्यों की कुल संख्या की लगभग एक-तिहाई है ।
2. सदस्य दो या अधिक लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहने पर उन्मोचित कर दिए जाने के लिए दायी हैं ।
3. संसदीय समिति की बैठकें एकांत में होंगी ।
4. किसी भी सदस्य को, चाहे उसकी रज़ामंदी हो या नहीं, किसी संसदीय समिति में नियुक्त किया जा सकता है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 3

**25.** गिलोटिन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई प्रस्ताव इसका पूर्वगामी नहीं होता ।
2. यह केवल बजट माँगों, विनियोग विधेयक और वित्त विधेयक को ही लागू होता है ।
3. इसका उपबंध लोक सभा प्रक्रिया के नियमों के नियम 208 (2) के अधीन है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

**26.** अभिलेख प्रबंधन के विभिन्न चरणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अभिलेखों के सृजन पर विवेकसम्मत नियंत्रण का प्रयोग करना ।
2. अभिलेखों का अनुरक्षण ।
3. पारिस्थितिक आवश्यकताओं के अनुरूप अभिलेखों का संशोधन ।
4. उन अभिलेखों की, जो अपनी उपयोगिता का समय पूरा कर चुके हैं, छँटाई करना ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

**27.** सरकारी कर्मचारी को किसके लिए विशेष आकस्मिक छुट्टी स्वीकार्य होती है ?

1. होम गार्ड्स के सदस्य के रूप में प्रशिक्षण और ड्यूटी के लिए ।
2. किसी कार्य-दिवस में, मान्यताप्राप्त रक्त बैंकों में रक्तदान करने के लिए ।
3. सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड के सदस्य के रूप में गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल होने के लिए ।
4. पंचायत/स्थानीय निकायों के निर्वाचनों में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) 1, 2, 3 और 4
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) केवल 1, 2 और 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

**28.** The Principal agency for undertaking work measurement studies in Government Offices is

(a) Staff Inspection Unit

(b) Internal Work Study Unit

(c) O & M Units

(d) Ministry of Labour

**29.** Consider the following statements :

The Supervisors are expected to motivate the junior employees by

1. Setting a good example.
2. Having regular informal meetings.
3. Giving adequate incentives and rewards.
4. Developing a team spirit.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only

(b) 1 and 4 only

(c) 2, 3 and 4 only

(d) 1, 2, 3 and 4

**30.** As per the dynamic features of non-verbal communication, kinesics refers to

(a) Tone, quality of voice and speed of speaking

(b) Gestures, facial configurations and other movements of the body

(c) Gestures, pitch of the voice and speed of speaking

(d) Tone of voice, body language and posture

**31.** In the context of referencing, 'PUC' indicates

(a) Promotion under consideration

(b) Paper under consideration

(c) Proposal under conclusion

(d) Property under charge

**32.** During suspension, a Government servant is entitled to subsistence allowance equal to

(a) 50% of the leave salary initially and then enhanced to 75% or reduced to 25% as the case may be

(b) 40% of the leave salary + DA initially and then enhanced to 60% or reduced to 20% as the case may be

(c) 60% of the leave salary + DA + HRA initially and then enhanced to 80% or reduced to 30% as the case may be

(d) Full leave salary

**33.** Consider the following :

1. Accounts Officer
2. Branches of Nationalized Banks
3. Treasury including Sub-treasury

Which of the above are Pension Disbursing Authorities ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 1 and 3 only

(d) 2 and 3 only

**34.** Which of the following sports qualify for appointment of meritorious sportspersons ?

1. Archery
2. Atya-Patya
3. Rowing

Select the correct answer by using the codes given below :

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

28. सरकारी कार्यालयों में कार्य-मापन अध्ययन करने के लिए प्रधान अभिकरण कौन है ?
(a) कर्मचारी निरीक्षण एकक
(b) आंतरिक कार्य-अध्ययन एकक
(c) O & M एकक
(d) श्रम मंत्रालय

29. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

पर्यवेक्षकों से अपेक्षा है कि वे कनिष्ठ कर्मचारियों को
1. एक अच्छा उदाहरण स्थापित कर अभिप्रेरित करें ।
2. नियमित अनौपचारिक बैठकें कर अभिप्रेरित करें ।
3. उपयुक्त प्रोत्साहन और पुरस्कार देकर अभिप्रेरित करें ।
4. टीम भावना बढ़ा कर अभिप्रेरित करें ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

30. अवाचिक सम्प्रेषण (नॉन-वर्बल कम्युनिकेशन) की गतिशील विशेषताओं के अनुसार, अंगविक्षेपविज्ञान (काइनेसिक्स) किसे निर्दिष्ट करता है ?
(a) लहज़ा, स्वर गुण और बोलने की रफ़्तार
(b) भंगिमाएँ, मुखाकृति संविन्यास (फेशियल कॉन्फिग्युरेशन) और अन्य देह संचलन
(c) भंगिमाएँ, स्वराघात और बोलने की रफ़्तार
(d) लहज़ा, शरीर भाषा और अंगविन्यास

31. संदर्भ देने के प्रसंग में, 'PUC' क्या इंगित करता है ?
(a) विचाराधीन पदोन्नति (प्रोमोशन अंडर कंसिडरेशन)
(b) विचाराधीन कागज-पत्र (पेपर अंडर कंसिडरेशन)
(c) निष्कर्षाधीन प्रस्ताव (प्रोपोज़ल अंडर कन्क्लूज़न)
(d) प्रभाराधीन सम्पत्ति (प्रॉपर्टी अंडर चार्ज़)

32. निलम्बन के दौरान, कोई सरकारी कर्मचारी कितने निर्वाह भत्ते के लिए हकदार होता है ?
(a) प्रारम्भ में छुट्टी वेतन का 50% और तत्पश्चात्, मामले के अनुसार, बढ़ा कर 75% या घटा कर 25%
(b) प्रारम्भ में छुट्टी वेतन का 40% + DA और तत्पश्चात्, मामले के अनुसार, बढ़ा कर 60% या घटा कर 20%
(c) प्रारम्भ में छुट्टी वेतन का 60% + DA + HRA और तत्पश्चात्, मामले के अनुसार, बढ़ा कर 80% या घटा कर 30%
(d) पूरा छुट्टी वेतन

33. निम्नलिखित पर विचार कीजिए :
1. लेखा अधिकारी
2. राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाएँ
3. ख़ज़ाना जिसमें उपख़ज़ाना शामिल है

उपर्युक्त में से कौन-से, पेंशन संवितरण प्राधिकारी/प्राधिकरण हैं ?
(a) केवल 1 और 2
(b) 1, 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 2 और 3

34. सराहनीय खिलाड़ी की नियुक्ति के लिए निम्नलिखित में से कौन-से खेल अर्हताप्राप्त हैं ?
1. तीरंदाजी
2. अत्या-पत्या
3. नाव खेना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

35. A Government servant who has acquired lien on a post retains the lien on that post

1. While performing the duties of that post.
2. While on leave.
3. While under suspension.
4. While on Foreign Service.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 1 and 4 only
(c) 2, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

36. How many years are added to the length of qualifying service of a Government servant who is declared surplus and opts to retire voluntarily ?

(a) 0
(b) 5
(c) 10
(d) Number of years he served is doubled

37. During re-fixation of pay on promotion to the new HAG scale where a Government servant opts to have his pay fixed under FR 22 (1) (a) (1), the officer will be granted

(a) One increment
(b) Two increments
(c) Three increments
(d) No increment

38. Administrative Ministries can re-delegate powers to the subordinate authorities in respect of all matters *except*

1. Creation of posts
2. Write-off of losses
3. Re-appropriation exceeding 10% of the original budget provision

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

39. Which of the following nature of deductions should not be made from the subsistence allowance of a Government servant under suspension ?

1. Amounts due on court attachments
2. Recovery of loss to the Government for which the Government servant is responsible
3. Subscription to a General Provident Fund

Select the correct answer by using the codes given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

40. Consider the following statements :

In the case of transfer to Foreign Service, the Central Government may

1. Remit the contribution due in any specified case or class of cases.
2. Make rules prescribing the rate of interest, if any, to be levied on overdue contributions.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

35. कोई सरकारी कर्मचारी, जिसने किसी पद पर ग्रहणाधिकार उपार्जित किया है, उस पद पर किस दौरान ग्रहणाधिकार बनाए रखता है ?
1. उस पद के कार्यों का निष्पादन करते समय ।
2. छुट्टी पर रहते हुए ।
3. निलम्बित रहते हुए ।
4. अन्यत्र (विदेश) सेवा में रहते हुए ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1 और 4
(c) केवल 2, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

36. किसी सरकारी कर्मचारी के, जिसने बेशी (सरप्लस) घोषित किए जाने पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति का विकल्प चुना है, अर्हक सेवाकाल में कितने वर्ष जोड़े जाएँगे ?
(a) 0
(b) 5
(c) 10
(d) उसके सेवा-वर्षों को दुगुना कर दिया जाएगा

37. नए HAG वेतनमान में पदोन्नति पर वेतन-पुनर्नियतन के दौरान, जहाँ सरकारी कर्मचारी FR 22 (1) (a) (1) के अधीन वेतन नियत किए जाने का विकल्प चुनता है, उस अधिकारी को कितनी वेतन-वृद्धि प्रदान की जाएगी ?
(a) एक वेतन-वृद्धि
(b) दो वेतन-वृद्धियाँ
(c) तीन वेतन-वृद्धियाँ
(d) कोई वेतन-वृद्धि नहीं

38. प्रशासनिक मंत्रालय अधीनस्थ प्राधिकारियों को किन मामलों को छोड़ कर अन्य सभी मामलों में शक्तियाँ पुनर्प्रत्यायोजित कर सकते हैं ?
1. पदों का सृजन
2. हानियों को बट्टे खाते डालना
3. मूल बजट प्रावधान के 10% से अधिक का पुनर्विनियोजन

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

39. किसी निलम्बनाधीन सरकारी कर्मचारी के निर्वाह भत्ते से निम्नलिखित किन स्वरूप की कटौतियाँ नहीं की जानी चाहिए ?
1. अदालती कुर्कियों पर देय रकम
2. सरकार को हुई उस हानि की वसूली जिसके लिए वह सरकारी कर्मचारी उत्तरदायी है
3. सामान्य भविष्य निधि को किया गया अंशदान

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
अन्यत्र (विदेश) सेवा में स्थानांतरण होने पर, केंद्रीय सरकार
1. किसी विनिर्दिष्ट मामले या मामलों के वर्ग में देय अंशदान को माफ़ कर सकती है ।
2. यदि अतिदेय अंशदान पर कोई ब्याज लगाना हो तो ब्याज की दर विहित करते हुए नियम बना सकती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

41. Proposals relating to security personnel, who accompany the President, Vice-President and Prime Minister on trips abroad may be approved by

(a) Foreign Secretary in consultation with Ministry of Home Affairs

(b) Foreign Secretary in consultation with F.A. (Ministry of External Affairs)

(c) Foreign Secretary in consultation with Ministry of Finance

(d) Defence Secretary in consultation with Ministry of External Affairs

42. Consider the following statements :

A Government servant is eligible to receive and retain without special permission from the Government

1. Any reward offered for the arrest of a criminal or for information or special services in connection with the administration of justice.

2. Any reward payable in accordance with the provisions of any Act, Regulation or Rule framed thereunder.

3. Any reward sanctioned for services in connection with the administration of the Customs and Excise Laws.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

43. A candidate having got a pacemaker implanted may be considered fit for Government Service, *except* for the post of

(a) Teacher

(b) Pilot

(c) Assistant

(d) Office Manager

44. The Service Book of a Government servant is required to be maintained in duplicate. In this context, which of the following statements is correct ?

(a) First copy shall be retained by the Head of the Office and the second copy should be given to the Government servant

(b) First copy shall be given to the Government servant and the second copy should be kept with the Head of the Office

(c) Both the first and the second copies shall be retained by the Head of the Office

(d) Both the first and the second copies should be given to the Government servant

45. As a general rule, casual leave can be granted in combination with

1. Special casual leave

2. Regular leave

3. Both Special casual leave and Regular leave

Which of the above is correct ?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 3 only

(d) None of the above

46. In the event of a Government servant remaining absent without any authority, what action should be initiated against him/her ?

(a) Issue a charge sheet

(b) Issue suspension order

(c) Informing him/her of the consequences of such absence and direct him/her to rejoin the duty immediately/within a specified date, say within 3 days, failing which he/she would be liable for disciplinary action

(d) Issue a Recorded warning

Prepp
Your Personal Exams Guide

41. राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधान मंत्री की विदेश-यात्राओं पर उनके साथ जाने वाले सुरक्षा कार्मिकों के संबंध में प्रस्ताव किसके द्वारा अनुमोदित किए जा सकते हैं ?

(a) गृह मंत्रालय के परामर्श से विदेश सचिव द्वारा
(b) वित्तीय सलाहकार (विदेश मंत्रालय) के परामर्श से विदेश सचिव द्वारा
(c) वित्त मंत्रालय के परामर्श से विदेश सचिव द्वारा
(d) विदेश मंत्रालय के परामर्श से रक्षा सचिव द्वारा

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

कोई सरकारी सेवक, सरकार से विशेष अनुमति लिए बिना, निम्नलिखित में से कौन-से पुरस्कारों को प्राप्त करने और रखने के लिए पात्र है ?

1. किसी अपराधी की गिरफ़्तारी के लिए या न्याय के प्रशासन से संबंधित सूचना या विशेष सेवाओं के लिए पुरस्कार ।
2. किसी अधिनियम के उपबंधों, उनके अधीन बने विनियम या नियम के अनुरूप देय कोई पुरस्कार ।
3. सीमा शुल्क और उत्पाद कर कानूनों के प्रशासन से संबंधित सेवाओं के लिए संस्वीकृत कोई पुरस्कार ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

43. कोई अभ्यर्थी जिसने पेसमेकर लगवाया है, किस पद के *सिवाय* सरकारी सेवा के लिए योग्य माना जाता है ?

(a) शिक्षक
(b) विमान-चालक
(c) सहायक
(d) कार्यालय प्रबंधक

44. किसी कर्मचारी की सेवा पुस्तिका को दो प्रतियों में रखा जाना अपेक्षित है । इस संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(a) पहली प्रति कार्यालय प्रमुख द्वारा रखी जाएगी और दूसरी प्रति सरकारी कर्मचारी को दी जानी चाहिए
(b) पहली प्रति सरकारी कर्मचारी को दी जाएगी और दूसरी प्रति कार्यालय प्रमुख के पास रखी जानी चाहिए
(c) पहली और दूसरी दोनों प्रतियाँ कार्यालय प्रमुख द्वारा रखी जाएँगी
(d) पहली और दूसरी दोनों प्रतियाँ सरकारी कर्मचारी को दी जानी चाहिए

45. सामान्य नियम के रूप में, आकस्मिक छुट्टी को किस/किन छुट्टी/छुट्टियों के साथ मिला कर प्रदान किया जा सकता है ?

1. विशेष आकस्मिक छुट्टी
2. नियमित छुट्टी
3. विशेष आकस्मिक छुट्टी और नियमित छुट्टी दोनों

उपर्युक्त में से कौन-सा सही है ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

46. बिना किसी प्राधिकार के किसी सरकारी कर्मचारी के अनुपस्थित रहने की स्थिति में उसके विरुद्ध क्या कार्रवाई की जानी चाहिए ?

(a) आरोप पत्र जारी करना
(b) निलम्बन आदेश जारी करना
(c) उसे ऐसी अनुपस्थिति के परिणाम सूचित करना और उसे निदेश देना कि तत्काल/एक विनिर्दिष्ट तिथि के अंदर, जैसे कि 3 दिनों के अंदर, पुनः कार्यग्रहण करे, और उसके ऐसा न करने पर वह अनुशासनिक कार्रवाई के लिए दायी होगा/होगी
(d) अभिलिखित चेतावनी जारी करना

Prepp
Your Personal Exams Guide

47. An apprentice is entitled to get

1. Leave on Medical Certificate, on leave salary equivalent to half pay for a period not exceeding one month in any year of apprenticeship.
2. An extraordinary leave under Rule 32 of FRSR Part III.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

48. What is the correct order of eligibility of next of kins for the payment of cash equivalent of leave salary in case of the death of a married male Government servant ?

(a) Widow, eldest surviving son, eldest surviving unmarried daughter, father and mother
(b) Father, widow, eldest surviving son, eldest surviving unmarried daughter and mother
(c) Widow, eldest surviving son, father, eldest surviving unmarried daughter and mother
(d) Mother, widow, eldest surviving son, eldest surviving unmarried daughter and father

49. What action should be initiated against a pensioner, who is convicted in judicial proceedings for an offence committed by him/her while in service ?

1. Impose a cut in the pension
2. Stoppage of pension
3. Issue a show-cause notice

Select the correct answer by using the codes given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 1 only

50. Consider the following statements in the context of limitations on the pension of a military pensioner who is re-employed in civil service :

1. Pension is not payable to him for his prior military service.
2. Pension is not payable to him for his second spell i.e. civil service.
3. In addition to the first pension, the military pensioner is eligible to get the second pension also for the civil service rendered by him/her.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1, 2 and 3
(b) 1 only
(c) 2 only
(d) 3 only

51. Consider the following statements for a female Central Service Group 'A' pensioner, who wishes to accept an employment under Government outside India :

1. She is required to obtain prior permission from the Central Government, unless she has been permitted for such employment during her leave preparatory to retirement.
2. If the permission is not taken, no pension is payable to her for the period of such employment.
3. She may choose to claim only a partial pension, if she does not wish to seek any permission.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 1 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 2 only

Prepp
Your Personal Exams Guide

47. कोई शिक्षु (अप्रेंटिस) क्या पाने का हकदार है ?

1. उतनी अवधि के लिए, जो शिक्षुता के किसी वर्ष में एक माह से अधिक न हो, आधे वेतन के बराबर छुट्टी वेतन पर चिकित्सा प्रमाणपत्र पर छुट्टी ।
2. FRSR भाग III के नियम 32 के अधीन असाधारण छुट्टी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

48. किसी विवाहित पुरुष सरकारी कर्मचारी की मृत्यु के मामले में छुट्टी वेतन के बराबर नकद राशि के भुगतान के लिए निकट संबंधियों की पात्रता का सही क्रम क्या है ?

(a) विधवा, ज्येष्ठतम जीवित पुत्र, ज्येष्ठतम जीवित अविवाहित पुत्री, पिता और माता
(b) पिता, विधवा, ज्येष्ठतम जीवित पुत्र, ज्येष्ठतम जीवित अविवाहित पुत्री और माता
(c) विधवा, ज्येष्ठतम जीवित पुत्र, पिता, ज्येष्ठतम जीवित अविवाहित पुत्री और माता
(d) माता, विधवा, ज्येष्ठतम जीवित पुत्र, ज्येष्ठतम जीवित अविवाहित पुत्री और पिता

49. उस पेंशनभोगी के विरुद्ध, जिसे उसके द्वारा सेवाकाल में किए गए किसी अपराध के लिए न्यायिक कार्यवाही में दोषसिद्ध माना गया है, क्या कार्रवाई की जानी चाहिए ?

1. पेंशन में कटौती अधिरोपित करना
2. पेंशन रोक देना
3. कारण-बताओ नोटिस जारी करना

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) केवल 1

50. उस सैनिक पेंशनभोगी के, जिसे सिविल सेवा में पुनर्नियुक्त किया गया है, पेंशन की परिसीमाओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उसे उसकी पूर्विक सैनिक सेवा के लिए पेंशन देय नहीं है ।
2. उसे उसकी दूसरे दौर की, अर्थात् सिविल सेवा के लिए, पेंशन देय नहीं है ।
3. वह सैनिक पेंशनभोगी पहली पेंशन के अतिरिक्त, सिविल सेवा में की गई अपनी सेवा के लिए, दूसरी पेंशन भी पाने के लिए पात्र है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) 1, 2 और 3
(b) केवल 1
(c) केवल 2
(d) केवल 3

51. केंद्रीय सेवा समूह 'क' की महिला पेंशनभोगी के लिए, जो भारत से बाहर किसी सरकार के अधीन कोई नियोजन स्वीकार करना चाहती है, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए ?

1. उससे अपेक्षा है कि वह केंद्र सरकार से पूर्व अनुमति प्राप्त करे, यदि उसे ऐसे नियोजन के लिए सेवानिवृत्ति-पूर्व छुट्टी के दौरान अनुमति प्रदान नहीं की गई है ।
2. यदि अनुमति नहीं ली गई है, तो ऐसे नियोजन की अवधि के लिए उसे कोई पेंशन देय नहीं होगी ।
3. यदि वह कोई अनुमति लेना नहीं चाहती, तो केवल आंशिक पेंशन का दावा करना चुन सकती है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 1 और 2
(d) केवल 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

**52.** If a pensioner who, immediately before his retirement, was a member of Central Service Group 'A', wishes to accept any commercial employment before the expiry of one year of his retirement, he

1. May accept employment without seeking sanction of any Authority.
2. Shall obtain the previous sanction of the Government.
3. May simply inform the Government after accepting employment.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 1 and 3 only

**53.** The Competent Authority to withhold or withdraw the pension of a Central Government servant is the

(a) Cabinet
(b) Finance Minister
(c) Prime Minister
(d) President of India

**54.** Consider the following statements in the context of CCS (Pension) Rules, 1972 :

1. Employees of Union Territories are also governed by the CCS (Pension) Rules, 1972.
2. There is no distinction between permanent and temporary employees insofar as the application of CCS (Pension) Rules, 1972 is concerned.
3. Temporary Government servant with less than 10 year's service, who retires on superannuation, discharged from the service, etc. is eligible for gratuity as for permanent Government servant.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

**55.** Which of the following are admissible for Medical reimbursement ?

1. Expenditure incurred on account of treatment of sterility
2. Treatment for 'Venereal Diseases' and 'Delirium Tremens'
3. Treatment by Private Dentist with the advice of authorized medical attendant
4. Medical termination of pregnancy performed at a Government Hospital

Select the correct answer by using the codes given below :

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 3 and 4 only
(c) 1, 2 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**56.** High-end prosthetics/appliances will be reimbursed only to the eligible Government servants and their dependents subject to

1. The upper age limit for sophisticated appliances will be 45 years.
2. The reimbursement will be made within the ceiling limit fixed for such appliances beyond which the beneficiary will bear the cost.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

52. यदि कोई पेंशनभोगी, जो अपनी सेवानिवृत्ति से ठीक पूर्व केंद्रीय सेवा समूह 'क' का सदस्य था, अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि से एक वर्ष की समाप्ति के पूर्व कोई वाणिज्यिक नियोजन स्वीकार करना चाहता है, तो वह

1. किसी प्राधिकारी से संस्वीकृति माँगे बिना नियोजन को स्वीकार कर सकता है ।
2. सरकार से पूर्व मंजूरी प्राप्त करेगा ।
3. नियोजन को स्वीकार करने के उपरांत सरकार को सूचित भर कर देगा ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) केवल 1 और 3

53. किसी केंद्रीय सरकार के कर्मचारी की पेंशन को रोकने या प्रत्याहरित करने के लिए सक्षम प्राधिकारी कौन है ?

(a) मंत्रिमंडल
(b) वित्त मंत्री
(c) प्रधान मंत्री
(d) भारत का राष्ट्रपति

54. CCS (पेंशन) नियम, 1972 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. संघ राज्यक्षेत्रों के कर्मचारी भी CCS (पेंशन) नियम, 1972 द्वारा शासित होते हैं ।
2. जहाँ तक CCS (पेंशन) नियम, 1972 के अनुप्रयोग का संबंध है, स्थायी और अस्थायी कर्मचारियों के बीच कोई विभेद नहीं है ।
3. अस्थायी सरकारी सेवक, जिसने 10 वर्ष से कम सेवा की है, अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त होने या सेवामुक्त कर दिए जाने आदि पर, स्थायी सरकारी कर्मचारी के समान, उपदान के लिए पात्र है ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

55. निम्नलिखित में से कौन-से, चिकित्सा-व्यय प्रतिपूर्ति के लिए स्वीकार्य हैं ?

1. बंध्यता के उपचार पर किया गया व्यय
2. 'रतिजरोगों' और 'कंपोन्माद (डिलिरियम ट्रेमेंस)' के लिए उपचार
3. प्राधिकृत चिकित्सक की सलाह से ग़ैर-सरकारी दंत चिकित्सक द्वारा उपचार
4. सरकारी अस्पताल में किया गया गर्भ का चिकित्सीय समापन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 3 और 4
(c) केवल 1, 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

56. उच्च मूल्य वाले कृत्रिमांगों/साधित्रों की प्रतिपूर्ति केवल पात्र सरकारी कर्मचारियों और उनके आश्रितों को निम्नलिखित किस शर्त/किन शर्तों के अधीन की जाएगी ?

1. परिष्कृत साधित्रों के लिए उच्च आयु सीमा 45 वर्ष होगी ।
2. ऐसे साधित्रों के लिए निर्धारित की गई सीमा के भीतर ही प्रतिपूर्ति की जाएगी, जिसके ऊपर की लागत लाभार्थी को वहन करनी होगी ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

57. The Controlling Officer shall reject any claim, if he is not satisfied with the facts presented by the claimant after giving an opportunity to the claimant of being heard in the matter. The claimant may submit an appeal to the Central Government within a period of

(a) 60 days of the date of receipt of the order rejecting the claim

(b) 45 days of the date of receipt of the order rejecting the claim

(c) 30 days of the date of receipt of the order rejecting the claim

(d) 15 days of the date of receipt of the order rejecting the claim

58. To whom is the reimbursement of expenses on purchase/replacement/repair/adjustment of Hearing Aids to the Central Government employees and their families required to be made ?

1. Government Hospital where treatment is taken

2. Government Servant

3. Supplying Agency

Select the correct answer by using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) 3 only

(d) Either 1 or 2 or 3

59. Which of the following are admissible for reimbursement ?

1. Expenditure for Intra-Ocular lens implantation charges undertaken in a Government hospital

2. Cost of contraceptives

3. Expenses on post operative care of the donor of a kidney

Select the correct answer by using the codes given below :

(a) 1 only

(b) 1 and 3 only

(c) 3 only

(d) 1, 2 and 3

60. Which of the following Private Hospitals are recognized for Coronary Bypass Surgery for reimbursement ?

1. Bombay Hospital, Mumbai

2. Apollo Hospital, Chennai

3. Woodland Nursing Home, Kolkata

Select the correct answer by using the codes given below :

(a) 2 only

(b) 1 and 3 only

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

57. यदि नियंत्रक अधिकारी किसी भी दावे के दावाकर्ता द्वारा प्रस्तुत तथ्यों से संतुष्ट नहीं है, तो उस मामले में दावाकर्ता को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् उस दावे को अस्वीकृत कर सकेगा । दावाकर्ता केंद्रीय सरकार को कितनी अवधि के भीतर अपील प्रस्तुत कर सकता है

(a) दावे के अस्वीकृत किए जाने के आदेश के प्राप्त होने की तिथि से 60 दिन

(b) दावे के अस्वीकृत किए जाने के आदेश के प्राप्त होने की तिथि से 45 दिन

(c) दावे के अस्वीकृत किए जाने के आदेश के प्राप्त होने की तिथि से 30 दिन

(d) दावे के अस्वीकृत किए जाने के आदेश के प्राप्त होने की तिथि से 15 दिन

58. केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए श्रवण-सहायक यंत्र (हियरिंग एड) की खरीद/प्रतिस्थापन/मरम्मत/समंजन पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति किसको दी जानी अपेक्षित है ?

1. सरकारी अस्पताल को, जहाँ उपचार हुआ है

2. सरकारी कर्मचारी को

3. पूर्तिकर्ता अभिकरण को

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) केवल 3

(d) या तो 1 या 2 या 3

59. निम्नलिखित में से कौन-से, प्रतिपूर्ति के लिए स्वीकार्य हैं ?

1. सरकारी अस्पताल में किए गए अंतरक्षि (इंट्रा-ऑकुलर) लेंस के आरोपण पर हुआ व्यय

2. गर्भ-निरोधकों की लागत

3. वृक्कदाता की शस्त्रकर्मोत्तर देखभाल पर हुआ व्यय

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 3

(d) 1, 2 और 3

60. परिहृद उपमार्ग शल्यक्रिया के व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए, निम्नलिखित ग़ैर-सरकारी अस्पतालों में से कौन-से मान्य हैं ?

1. बॉम्बे हॉस्पिटल, मुम्बई

2. अपोलो हॉस्पिटल, चेन्नई

3. वुडलैंड नर्सिंग होम, कोलकाता

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. Reimbursement of the cost of OPD medicines is permissible for
    1. Oncology cases.
    2. Post operative joint replacement cases.
    3. Post operative Major Neurosurgical/ Neurology cases.

    Which of the above are correct ?
    (a) 1 and 2 only
    (b) 1 and 3 only
    (c) 2 and 3 only
    (d) 1, 2 and 3

62. Which of the following documents are required to be submitted for reimbursement of Liver Transplantation ?
    1. CT/MRI Liver report
    2. Etiology evaluation report
    3. Histopathological report, wherever available

    Select the correct answer by using the codes given below :
    (a) 1 and 2 only
    (b) 1 and 3 only
    (c) 2 and 3 only
    (d) 1, 2 and 3

63. In which of the following circumstances can a Government servant be placed under suspension ?
    1. When a disciplinary proceeding against him/her is pending.
    2. When a case against him/her in respect of any criminal offence is under investigation.
    3. When he/she continues to remain absent from duty or overstays leave without permission.
    4. When he/she has engaged himself/herself in activities prejudicial to the interest of the security of the State.

    Select the correct answer by using the codes given below :
    (a) 1, 2 and 3 only
    (b) 3 and 4 only
    (c) 1, 2 and 4 only
    (d) 1, 2, 3 and 4

64. Consider the correctness of the following statements regarding the headquarters of a Government servant during suspension :
    1. A Government servant cannot leave his/her headquarters without prior permission.
    2. The competent authority cannot change the headquarters of a Government servant.
    3. The competent authority may change the headquarters of the Government servant, if he requests for the same and, if it does not involve extra expenditure or administrative complications.
    4. If the Government servant is on bail, the fixing of his/her headquarters will be subject to any restriction imposed by the Court.

    Which of the above statements are correct ?
    (a) 1 and 2 only
    (b) 1, 3 and 4 only
    (c) 3 and 4 only
    (d) 1 and 4 only

65. Which of the following deductions can be made from the subsistence allowance of a Government servant ?
    1. Recovery of loss to the Government caused by the Government servant concerned
    2. Income tax
    3. House rent and allied charges i.e., electricity, water, furniture, etc.
    4. CGHS contribution

    Select the correct answer by using the codes given below :
    (a) 2, 3 and 4 only
    (b) 1, 2 and 3 only
    (c) 1 and 4 only
    (d) 1, 2, 3 and 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. OPD औषधों की लागत की प्रतिपूर्ति किनके लिए स्वीकार्य है ?
   1. अर्बुद प्रकरण (ऑन्कोलॉजी) से संबंधित रोगी के लिए ।
   2. शस्त्रकर्मोत्तर संधि प्रतिस्थापन के रोगी के लिए ।
   3. शस्त्रकर्मोत्तर प्रधान तंत्रिका-शल्यविज्ञान/तंत्रिकाविज्ञान से संबंधित रोगी के लिए ।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

62. यकृत प्रतिरोपण के व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ों में से कौन-से प्रस्तुत किए जाने अपेक्षित हैं ?
   1. CT/MRI यकृत रिपोर्ट
   2. हेतुवैज्ञानिक मानांकन (ईटियोलॉजी इवैलुएशन) रिपोर्ट
   3. ऊतकविकृतिवैज्ञानिक (हिस्टोपैथोलॉजिकल) रिपोर्ट, जहाँ भी उपलब्ध हो

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1 और 2
   (b) केवल 1 और 3
   (c) केवल 2 और 3
   (d) 1, 2 और 3

63. किसी सरकारी कर्मचारी को निम्नलिखित में से किन परिस्थितियों में निलम्बित किया जा सकता है ?
   1. जब उसके विरुद्ध कोई अनुशासनिक कार्यवाही लम्बित हो ।
   2. जब किसी दंडनीय अपराध के बारे में उसके विरुद्ध कोई मामला जाँच-पड़ताल के अधीन हो ।
   3. जब वह बिना अनुमति के, कार्य से लगातार अनुपस्थित बना रहता है या छुट्टी की अवधि के उपरांत अनुपस्थित बना रहता है ।
   4. जब वह राज्य की सुरक्षा के हित के प्रतिकूल क्रियाकलाप में संलग्न हो ।

   नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
   (a) केवल 1, 2 और 3
   (b) केवल 3 और 4
   (c) केवल 1, 2 और 4
   (d) 1, 2, 3 और 4

64. निलम्बन के दौरान किसी सरकारी कर्मचारी के मुख्यालय के बारे में निम्नलिखित कथनों की यथातथ्यता पर विचार कीजिए :
   1. सरकारी कर्मचारी पूर्व अनुमति के बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ सकता/सकती ।
   2. सक्षम प्राधिकारी सरकारी कर्मचारी का मुख्यालय नहीं बदल सकता ।
